**25 नग बकरियां उड़ा ले गए चोर, प्रीतम का घर फिर चोरों का 'फ्री फॉर ऑल'**

## मझगवां पुलिस के 'एक्शन डंडे' पर सवालः चोरों का 'सेफ जोन' बना थाना? किसान प्रीतम का तीसरी बार 'क्लीन स्वीप'!

**सतना।** मझगवां में रात के काले साये में गरीब किसान प्रीतम यादव के मटिहाचूआ गांव स्थित घर पर दीवार तोड़कर धावा बोलते अज्ञात चोरों ने एक बार फिर बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने प्रीतम की 25 नग बकरियां 'उड़ा' लीं,जो उसकी जीविका का एकमात्र सहारा थीं। इस घटना ने एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है: क्या मझगवां थाना अब 'चोरों का सेफ जोन' बन चुका है?



### पीड़ित प्रीतम की जुबानीः 15 साल में तीन बार हुई लूट

प्रीतम यादव की आपबीती सुनकर हर कोई सहम जाता है। उन्होंने बताया,भैया,ये तीसरी बार है जब चोरों ने मेरा सब कुछ लूट लिया। 2010 में 70 बकरियां गईं, 2020 में 45 नग उड़ाए,और अब 2025 में 25 की खेप! हर बार केस दर्ज, लेकिन चोरों का नामोनिशान तक नहीं मिला। मझगवां थाना अंतर्गत जितनी भी चोरियां हुई हैं,आज तक कोई खुलासा नहीं हुआ। प्रीतम का परिवार अब सड़क पर आ गया है,क्योंकि बकरियां ही उनकी जीविका का सहारा थीं। चोरों ने रात के घुप अंधेरे में दीवार में सेंध लगाकर इस बार भी 'क्लीन स्वीप' कर दिया।

### पुलिस का 'एक्शन डंडा' फेल?

स्थानीय लोगों में मझगवां पुलिस की कार्यशैली को लेकर गहरा आक्रोश है। बार-बार हो रही चोरियों के खुलासे में विफलता से लोग पूछ रहे हैंः मझगवा पुलिस का 'एक्शन डंडा' क्यों फेल है? पुलिस ने आज फिर 'रूटीन' अर्जी पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।प्रीतम जैसे गरीबों के मन में यह सवाल घूम रहा है-क्या इस बार चोरों पर 'लगाम' लगेगी या फिर रात के अंधेरे में चोरी का सिलसिला यूं ही जारी रहेगा? प्रशासन से मांग की जा रही है कि इस संगठित गिरोह का जल्द से जल्द खुलासा कर,पीड़ित को न्याय दिलाया जाए।

**खबर संक्षेप**

### विधिक जागरूकता हेतु मैराथन दौड कल

**सतना।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह 9 नवम्बर से 14 नवम्बर 2025 तक मनाया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि अभियान अन्तर्गत विधिक जागरूकता हेतु मैराथन दौड़ का आयोजन 9 नवम्बर को प्रातः 8:45 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण परिसर से दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम तक किया जायेगा। इसके बाद 14 नवम्बर को बाईक एवं साईकल रैली का भी आयोजन किया जायेगा।

### पुलिस ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर सामूहिक गायन और मैराथन का किया आयोजन



**सतना।** मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर,सतना पुलिस ने राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक 7 नवम्बर,को विशेष कार्यक्रम आयोजित किए। सामूहिक 'वंदे मातरम' गायनः पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सभी पुलिस स्टाफ ने एक साथ राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' का गायन किया। पुलिस परेड ग्राउंड में मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह,एडिशनल एसपी शिवेश सिंह बघेल,ग्रामीण एडिशनल प्रेमलाल कुर्वे,डीएसपी हेडक्वार्टर मनोज दीक्षित,आर आई देविका सिंह बघेल सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

### घटिया सड़क निर्माण व पुलिया निर्माण पर सीईओ की कार्यवाही

**सतना।** उचेहरा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिथौराबाद में बीते माह में 10 लाख की लागत से उचेहरा नागौद मुख्य मार्ग से बेदुआ सागर तालाब मंदिर तक एवं आदिवासी बस्ती में मानकों को दरकिनार कर पीसीसी सड़क निर्माण किया गया था जो कुछ महीने के अंदर खराब होकर जगह-जगह टूट सड़क में रेत गिट्टियां उखड़ कर फैल चुकी है। इसके साथ ही एक सप्ताह के अंदर गौशाला के पास से गुजरने वाली सड़क में करीब 3 लाख से अधिक का पुल का निर्माण किया गया है जो निर्धारित मापदंडों से नहीं कराया गया और मनमानी बरतते हुए अमानक स्तर की सामग्री और डस्ट का उपयोग कर निर्माण कार्य करवाया गया जिससे एक सप्ताह के अंदर ही पुल कई जगह से चटक गई और दरारें आ गई है। मामले की खबर सामने आने पर उचेहरा के नए जनपद सीईओ ओपी अस्थाना ने कार्यवाही की सीईओ श्री अस्थाना ने जानकारी देते बताया है कि निर्माण कार्य को निरस्त करते हुए इसमें उपयोग हुए शासकीय राशि की वसूली के निर्देश दिए हैं।

## नागौद में गांजा के अवैध पेड़ लगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** पुलिस महानिरीक्षक,रीवा जोन गौरव राजपूत के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार 2.0 अभियान के तहत नागौद पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक आरोपी को उसके खेत में अवैध रूप से गांजे के पेड़ लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। मुखबिर से सूचना मिली कि दुर्गा प्रजापति निवासी शंकरबाग नागौद अपने खेत में अवैध मादक पदार्थ गांजे के पेड़ लगाए हुए है। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम शंकर बाग नागौद स्थित खेत पर पहुँची,जहाँ आरोपी दुर्गा उर्फ रिंकू उर्फ बौरा प्रजापति पिता मंगल प्रजापति,उम्र 38 वर्ष,निवासी शंकरबाग नागौद खेत में काम करते हुए मिला। आरोपी की निशानदेही पर खेत की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान खेत से गांजा जैसे 18 नग छोटे-बड़े हरे पेड़ मिले। पेड़ों को उखाड़कर उनका वजन किया गया,जो कुल 7किलो 820ग्राम पाया गया।जब्त गांजा की अनुमानित कीमत 78,200 है।आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20(a)(b)(i) के तहत अपराध दर्ज कर उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय,सतना के समक्ष पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

## वनाधिकार एवं वंचित समुदायों के मुद्दों पर जिला कलेक्टर एवं जिला प्रशासन से चर्चा

**सतना।** कलेक्ट्रेट कार्यालय सतना में एक प्रतिनिधि मंडल जिसमें जिला वनाधिकार समिति एवं जिला पंचायत सदस्य देवदत्त सोनी,एकता परिषद,नवरचना के राष्ट्रीय सचिव संतोष सिंह,सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र दाहिया,आदिवासी समाज के ऊंचेहरा,मैहर,मझगवां,रामपुर,अमरपाटन के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गहन विचार मंथन,संवाद करते हुए प्रक्रिया में भाग लेते कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस,अतिरिक्त कलेक्टर सतना,सीईओ जिला सतना,एवं जिला प्रशासन टीम के साथ वनाधिकार एवं स्थानीय मुद्दों पर गहरा संवाद कर समाधान की आगामी रणनीति पर तय किया गया। जिसमें जमीन, जंगल,जल एवं सरकार की योजनाओं को लागू करने में हो रही खामियों को दूर करने में आपसी संवाद की आवश्यकता महसूस की गई। इस दौरान शिक्षा,स्वास्थ एवं तकनीकी प्रणाली को अपडेट करने जैसे आवश्यक त्वरित कदम उठाने के निर्देश कलेक्टर ने प्रशासनिक अधिकारियों को दिया। वनाधिकार अधिनियम के अनुसार भूमि अधिकार एवं जीवन जीने के संसाधनों के विकाश,रोजगार मूलक कार्यों को लेकर आगे बढ़ाने की कोशिश करना तय किया गया। भूमि अधिकार एडवोकेसी के तहत ऑरेंज एरिया में फंसी हजारों हेक्टेयर जमीनों के निदान,वन राजस्व विवादों को रोकने में सहयोगी भूमिका के लिए प्रक्रिया शुरू करने के संबंध में विस्तार से संवाद किया गया। संविधान के मूल्यों के अनुसार वनाधिकार अधिनियम की अवधारणा जिसमें आदिवासियों के साथ पूर्व से हो रहे ऐतिहासिक अन्याय की भरपाई के लिए वनाधिकार अधिनियम लंबे संघर्षों के बाद लाया गया था इसलिए इन मूल्यों मौलिक अधिकारों कर्तव्यों के साथ वंचित समुदायों को ताक़त देने की आवश्यकता है इस तरह से संवाद की जरूरत महसूस करते हुए आगामी रणनीति पर बात केंद्रित थी। किसान कृषि एवं आजीविका के सृजन के सामूहिक प्रयास किया जाना,सरकार,जिला प्रशासन,सामाजिक संगठनों, राजनैतिक दायित्वों के साथी सामूहिक रूप से मूल्यों पर आधारित समाज रचना में भूमिका निभा सकते हैं और सुंदर समाज रचना कर सकते हैं ऐसा महसूस किया गया। जिला प्रशासन सामाजिक संगठन एवं सभी साथियों ने संवाद में अपनी भूमिका का प्रयास करते हुए अच्छे माहौल में बैठक का समापन हुआ।

## कोठी में आगजनी कांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**सतना।** कोठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दिदौंध में हुई आगजनी और मारपीट की घटना के मुख्य आरोपी को कोठी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

घटना के बाद से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर आज माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया,जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा (जेल) में भेज दिया गया है।जब फरियादी रामप्रकाश कुशवाहा की दुकान में आगजनी की गई और उनके साथ मारपीट भी हुई थी। इस संबंध में आरोपीगण राज उर्फ बच्चा त्रिवेदी और कृष्णा त्रिवेदी के विरुद्ध 109(1) बीएनएस सहित कई धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया गया था। मामले के सह-आरोपी कृष्णा त्रिवेदी को पुलिस द्वारा पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, लेकिन मामले का मुख्य आरोपी राज उर्फ बच्चा त्रिवेदी घटना दिनांक से फरार चल रहा था। कोठी पुलिस टीम ने लगातार प्रयास के बाद मुख्य आरोपी राज उर्फ बच्चा त्रिवेदी (पिता मंजू त्रिवेदी,निवासी दिदौंध,थाना कोठी) को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। वैधानिक कार्यवाही के उपरांत,उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

## राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**सतना।** भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वी वर्षगांठ को देश भर में 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक समारोह पूर्वक आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। शुक्रवार 7 नवंबर को संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन सतना में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी की उपस्थिति में समारोह पूर्वक राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम का गायन कर वर्ष भर चलने वाले कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सतना कलेक्ट्रेट परिसर में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी,कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस सहित सभी अधिकारी-कर्मचारियों,छात्र-छात्राओं और गणमान्य नागरिको ने एक स्वर में बैंड की आकर्षक धुन के साथ सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम का गायन किया। बाद में कलेक्ट्रेट सभागार में वन्दे मातरम गीत के 150वें वर्ष के स्मरणोत्सव कार्यक्रम में दिल्ली से सीधे प्रसारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को सुना गया। इस मौके पर अपर कलेक्टर विकास सिंह,सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह,एसडीएम राहुल सिलाडिया, डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा,डीईओ कंचन श्रीवास्तव,एनएस प्रभारी डॉ.क्रान्ति मिश्रा सहित अधिकारी-कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## केजेएस सीमेन्ट में सम्पन्न हुआ माइन्स क्विज कामपटीशन



सतना। 37वें धात्विक खान सुरक्षा सप्ताह 2025 के उपलक्ष्य में केजेएस सीमेन्ट आवासीय परिसर में स्थित देवेन्द्रराज क्लब में क्विज टेस्ट प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। इसमें जबलपुर क्षेत्र की 12 माइनिंग कंपनियों ने भाग लिया,जिसमें प्रमुख रूप से केजेएस सीमेन्ट,अल्ट्राटेक सीमेन्ट,रिलायंस सीमेन्ट, एसीसी अदानी,प्रिज्म जॉन्सन सीमेन्ट,जेके सीमेन्ट एवं सतना सीमेन्ट आदि रहीं। प्रतियोगिता की शुरुआत मां शारदा की वंदना से हुई। अपने उद्घाटन संबोधन में केजेएस सीमेन्ट के पूर्णकालिक निर्देशक केएस सिंघवी ने कहा कि खदान क्षेत्र में कार्य करते समय सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। सही रणनीति ही अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होती है। इस अवसर पर कंपनी के चेयरमैन पवन अहलूवालिया ने अपना संदेश भेज कर प्रतियोगियों को जीत के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि कंपनी समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगितायें करके खनन क्षेत्र के लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का कार्य करती रहती है। क्विज मास्टर की भूमिका केजेएस सीमेन्ट के माइंस प्रमुख विजय सिंह राठौर ने निभाई और चार चरणों में इस प्रतियोगिता को सम्पन्न कराया। केजेएस कंपनी के सीओओ राजेश बैरागी ने भी संबोधित किया और कहा कि खनन करते समय वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना और पर्यावरण का ध्यान रखना बहुत आवश्यक है। कार्यक्रम में केजेएस एचआर प्रमुख विकास रायजादा,वित्त प्रमुख महेश जैन,सिविल प्रमुख बीके ठाकुर,पावर प्लांट प्रमुख वीरेन्द्र गौतम,ईएंडआई प्रमुख रविकांत नम्मी,प्रोसेस प्रमुख राजेश शुक्ला,आईटी प्रमुख बीके गाइन, हरीश पांडेय व अनिल राय की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद प्रस्ताव एके वर्मा द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बीके चौधरी,आरपी सैनी,अतिन्द्र भट्टाचार्य ,रवि मिश्रा,नरेन्द्र सिंह,संजय उपाध्याय व जनसंपर्क प्रबंधक निरंजन शर्मा का विशेष योगदान रहा।

## एकेएस विश्वविद्यालय में "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूरे होने पर भव्य आयोजन



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय,सतना के कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन किया।कार्यक्रम में विश्व विद्यालय के अनंत कुमार सोनी, प्रोचांसलर प्रो.बी.ए.चोपड़े, कुलपति, डॉ. जी.के. प्रधान, अधिष्ठाता, अभियान्त्रिकी, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संकाय, डॉ.जी.के.मिश्रा, निदेशक,गुणवत्ता संवर्द्धन प्रकोष्ठ, डॉ. महेन्द्र कुमार तिवारी, अधिष्ठाता, डॉ.चन्द्रशेखर गौतम विभागाध्यक्ष तथा डॉ. प्रमोद सिंह, विभागाध्यक्ष ने भी वंदे मातरम के संदर्भ में अपने विचार रखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के अधिष्ठाता डॉ. अखिलेश ए.वाऊ ने करते हुए कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं,बल्कि भारत की आत्मा का स्वर है,जिसने स्वतंत्रता संग्राम के प्रत्येक चरण में देशवासियों को एकता,त्याग और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से "वंदे मातरम" का गायन किया,जिससे समूचा प्रांगण देशप्रेम की भावना से गूंज उठा।कार्यक्रम का संचालन आयुर सोनी तथा आशु तिवारी ने किया। एकेएस विश्वविद्यालय परिवार ने इस भव्य समारोह के माध्यम से राष्ट्रगौरव, सांस्कृतिक चेतना और एकता के इस गीत को श्रद्धापूर्वक नमन किया। कंप्यूटर विज्ञान एवं मानविकी विभाग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर आयोजन को सफल बना दिया।

## मैहर में वंदे मातरम का 150वां स्मरणोत्सवः देशभक्ति के रंग में रंगा कलेक्ट्रेट प्रांगण

**मैहर।** 150 वें वंदे मातरम स्मरणोत्सव के पावन अवसर पर मैहर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय का प्रांगण शुक्रवार को देशभक्ति के उत्साह और राष्ट्रीय गौरव के रंग में सराबोर हो गया। राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के ऐतिहासिक सफर के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं तथा बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों द्वारा राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया गया,जिसने पूरे वातावरण को ऊर्जा और गर्व से भर दिया।यह समारोह राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक विरासत को समर्पित रहा। जिसमें बच्चों से लेकर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी तक सभी ने एक स्वर में राष्ट्रगीत गाकर देश के प्रति अपनी आस्था और सम्मान प्रकट किया।स्कूली छात्र-छात्राओं की उपस्थिति और उनके उत्साह पूर्ण गायन ने कार्यक्रम की गरिमा को कई गुना बढ़ा दिया।



## खबर संक्षेप

### राशिद सौदागर मनिहार वेलफेयर ट्रस्ट के जिला उपाध्यक्ष बने



**पन्ना।** जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मध्य प्रदेश मुस्लिम पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष तथा नगर कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष रहे। राशिद सौदागर को ट्रस्ट का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है इनकी नियुक्ति महासचिव रियाजुद्दीन मनिहार के द्वारा की गई है श्री सौदागर को उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर मनिहार एवं व्यापारी वर्ग में खुशी की लहर है उनकी नियुक्ति पर सभी ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है तथा इष्ट मित्रों शुभचिंतकों ने श्री सौदागर को शुभकामनाएं दी हैं। शुभकामनाएं देने वालों में पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे दीपचंद अग्रवाल सेवानिवृत शिक्षक सगीर सिद्दीकी एडवोकेट अरविंद खरे जगतपाल सिंह संजय तिवारी पप्पू सेठ राकेश शर्मा नंदकिशोर मिश्रा सादिक खान राधे सोनी आदि।

### लोधी क्रांति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हृदय गति रूक जाने से दुखद निधन



**पन्ना।** लोधी क्रांति सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रामखेलावन लोधी जी का हृदय गति रुक जाने के कारण 7 नवंबर 2025 की वीत रात्रि लगभग 1:00 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से लोधी क्रांति सेवा संगठन एवं कोटेश्वर समिति को अपूरणीय क्षति पहुँची है। यह क्षति भविष्य में कभी भी पूर्ण नहीं की जा सकती, क्योंकि वे कोटेश्वर समिति के संरक्षक होने के साथ-साथ लोधी क्रांति सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष' भी थे। उनका जाना पूरे लोधी समाज के लिए गहरा आघात है। इस दुखद अवसर पर राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा (जिला इकाई पन्ना) एवं लक्ष्य टीम पन्ना द्वारा गहरी शोक संवेदना व्यक्त की जाती है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति दें।

**तीन सदस्यीय दल घटना की जांच करेगा, जांच उपरांत उचित कार्यवाही को लेकर माना जा रहा है**

# शहपुरा हाईस्कूल प्राचार्य को बीईओ ऑफिस अजयगढ़ में तत्काल प्रभाव से जिला शिक्षा अधिकारी ने किया अटैच

### पेपर से पहले बच्चों ने की जमकर नारेबाजी



**अजयगढ़**-अजयगढ़ के शहपुरा स्कूल मे 9वी और 10वी के छमाही परीक्षा के दौरान पेपर देने वाले छात्र छात्रायो के द्वारा स्कूल के प्राचार्य केखिलाफ नारेबाजी कि गई। जब इस विषय मे जानकारी ली गई तो प्राचार्य के द्वारा बच्चों के साथ मारपीट व उन्हें अपशब्द कहने का मामला सामने आया।इस हंगामे से होने वाली पेपर भी खंड शिक्षा अधिकारी बी डी रजक के आने व बच्चों को समझाने के बाद ही आयोजित हो सकी।हंगामा इतना बढ़ गया कि लोगो के द्वारा मोके पर 112 व थाना प्रभारी धरमपुर को भी बुलाया गया।ग्राम के सरपंच महेंद्र दीक्षित व ग्राम के निवासीयो के द्वारा एक पंचनामा बनाकर दिया गया जिसमे कहा गया कि स्कूल का प्राचार्य अध्यरत बच्चों के साथ मारपीट व अभद्रता पूर्वक बातचीत की जाती है और छात्रा शोभा के द्वारा बताया गया कि पेपर मे पहुंचने पर प्रिंसिपल सर बैठक व्यवस्था सेट कर रहे थे जिसके बाद हमारे द्वारा पहले व्यवस्था करने कि बात कही जिस पर प्रिंसिपल भड़क गए और मारपीट के साथ अपशब्द कहने लगे जिससे वाह बेहोस हो गई। जिसके बाद मेरे द्वारा उसके मुँह मे पानी के छीटे मारकर होश मे लाया गया।ऐसा ही व्यवहार स्कूल के कई छात्रायो के साथ किया जाता है जब इस विषय मे छात्रायो के साथ बातचीत कि गई तो उनके द्वारा भी बताया गया कि प्रिंसिपल सर हमसे अभद्रता पूर्वक बात करते है।ग्रामीणो के द्वारा लगाए गए आरोपों की जाँच करने के लिए गौरतलब बात यह है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला षिक्षा अधिकारी रवि प्रकाष खरे जहां स्वयं पहुंचकर जायजा तो लिया ही इसके साथ-साथ प्रथम दृष्टया प्राचार्य को बीईओ कार्यालय अजयगढ़ में अटैच किया गया। वहीं मामले की जांच को लेकर तीन सदस्यीय दल को जिम्मेदारी दी गई है। जांच के उपरांत क्या सामने आता है जिस पर उचित कार्यवाही को लेकर माना जा रहा है।

## राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन में सामूहिक वंदे मातरम का गायन एवं मैराथन दौड़ का किया गया आयोजन





**पन्ना।** भारत सरकार द्वारा राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ को देशभर में 07 नवम्बर 2025 से 07 नवम्बर 2026 तक समारोहपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन पर पुलिस लाइन पन्ना में आज राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक 'वंदे मातरम्' गायन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान की उपस्थिति में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत का गायन किया। कार्यक्रम में खेल विभाग के अधिकारयों सहित रक्षित निरीक्षक पन्ना खिलावन सिंह कंवर, यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक नीलम लक्ष्यकार एवं थाना प्रभारी कोतवाली रोहित मित्रा सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। सामूहिक गायन के पश्चात मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, जिसे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना चौहान द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने स्वयं प्रतिभागियों के साथ पूरी मैराथन में भाग लेकर सभी को प्रोत्साहित किया।



यह मैराथन पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर चटर्जी मार्ग, बस स्टैंड, बेनीसागर अस्पताल तिराहा होते हुए पुनः पुलिस लाइन में समाप्त हुई। दौड़ में पुलिस जवानों, अधिकारी-कर्मचारियों तथा स्कूली छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के ऐतिहासिक महत्व को जन-जन तक पहुँचाना एवं देशभक्ति की भावना को और सशक्त करना रहा।

## मंडल अध्यक्ष परिहार के नेतृत्व में संगठनात्मक एकजुटता और समर्पण का नया उदाहरण



### देवेंद्रनगर में भाजपा की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यशाला संपन्न

**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी देवेंद्रनगर मंडल द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर एक संगठित कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी एवं पन्ना जिले के प्रभारी आशीष तिवारी उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह परिहार ने की। कार्यशाला में आशीष तिवारी ने कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची के अद्यतन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची में सुधार, पुराने और गलत नामों की पहचान एवं उन्हें हटाने की प्रक्रिया किस प्रकार पारदर्शी रूप से की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाए, यही सच्ची संगठन सेवा है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह परिहार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ताकत, उसकी आत्मा और उसकी पहचान दृ उसके समर्पित कार्यकर्ता ही हैं। जब से देवेंद्रनगर मंडल में उन्होंने पदभार संभाला है, संगठन ने नई ऊर्जा और अनुशासन के साथ कार्य किया है। कार्यकर्ताओं का यह समर्पण भाजपा को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की प्रेरणा देता है। कार्यशाला में वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश शर्मा, अनिल बुंदेला, रामविश्वासी पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष हीरा पटेल, पूर्व मंडल महामंत्री रमाकांत शुक्ला, मंडल महामंत्री मनोज पांडेय, उपाध्यक्ष उमेश पाठक, मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, अस्तिय देव सिंह, देवराज चम्बल बागरी, सहित अरुण तिवारी, अजय पटेल, निक्की पुनीत जायसवाल, शिवेंद्र सिंह, मटरूलाल विश्वकर्मा, कल्याण सिंह, कमलेश राजा बुंदेला, प्रीति सिंह रघुवंशी, अजय चतुर्वेदी, अनुराग पाठक, अशोक कुशवाहा, भूपत विश्वकर्मा, सुनील चौरसिया, हीरालाल साहू आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गौरवपूर्ण वृद्धावस्था और सम्मानित जीवन हमारी संस्कृतिः ब्रह्माकुमारी



**पन्ना। ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय की समाज सेवा प्रभाग द्वारा चलाए जा रहे संगम गौरवपूर्ण वृद्धावस्था और सम्मानित जीवन अभियान का सुश्री कुसुम सिंह मेहदेले जी पूर्व कैबिनेट मंत्री के द्वारा हुआ भव्य शुभारंभ।**

ब्रह्माकुमारी बहन ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्रह्मा कुमारीज़ के समाज सेवा प्रभाग एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के बीच 3 साल के लिए एम ओ यू साइन किया गया ब्रह्माकुमारी बहन ने अभियान का उद्देश्य बताते हुई कहा कि बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं उनका सम्मान करना ही हमारी संस्कृति है यह हमारे घर की समाज की शोभा है इनकी सोच पुरानी है लेकिन कहते हैं जितनी चीज पुरानी होती है उतनी ही अच्छी होती है उनकी सोच अनुभव की खान है तो सदा हमें उनका सम्मान और आदर करना चाहिए और सभी छोटे,बड़ों को भी यह सीखना चाहिए बुजुर्गों के लिए सुख सुविधाओं की आवश्यकता नहीं है उन्हें अपने बेटों, बेटियों बहू और नाती, पोतों की आत्मीयता की आवश्यकता है उनके हाथ में जब अपने बच्चों का हाथ स्पर्श करता है तो उसे किसी भौतिक सुविधाओं से नहीं मापा जा सकता दादा,दादी के साथ बच्चों का जो प्रेम पूर्वक भावनात्मक संवाद होता है उसकी कल्पना वही कर सकते हैं जो संयुक्त परिवार में जीते हैं आज संयुक्त परिवार का विघटन हो रहा है ऐसे में हमें समाज की चेतना जागृत करने की जरूरत है ऐसे अभियानों से लोगों में गौरवपूर्ण वृद्धावस्था को सम्मानित जीवन की प्रेरणा मिलेगी, इस अवसर पर सुश्री

**गौरवपूर्ण वृद्धावस्था और सम्मानित जीवन अभियान का हुआ शुभारंभ**



कुसुम मेहदेले जी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि सीता बहन के द्वारा आज बताए गए उपदेश हम सभी को जीवन में धारण करने की आवश्यकता है इसी से समाज में सुधार आएगा एवं परिवार का वातावरण प्रेम पूर्वक बनेगा।

### कार्यक्रम में सभी ने अपने-अपने विचार रखें-

कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती साधना अवस्थी पूर्व प्राचार्य, मंजू लता जैन एडवोकेट, श्रीमती निशा जैन पूर्व प्राचार्य, कैलाश सोनी पूर्व योजना अधिकारी,हरगोविंद सोनी, राजेश मेहदेले, गणेश सिंह एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित कर सभी अतिथियों का बैच एवं तिलक के द्वारा ईश्वरीय उपहार देकर सम्मानित किया गया।

# गुनौर क्षेत्र की सड़कों की बदहाली, जानलेवा गड्ढों में तब्दील कटन-गिरवारा-सेमरी मार्ग

**पन्ना।** गुनौर से सतना को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग कटन-गिरवारा-सेमरी सड़क मार्ग इन दिनों बुरी तरह जर्जर हो चुका है। सड़क पर इतने गहरे गड्ढे हो गए हैं कि यह पहचानना मुश्किल हो गया है कि सड़क गड्ढों में है या गड्ढे सड़क में। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस मार्ग से रोजाना व्यापार और स्वास्थ्य संबंधी कार्यों के लिए सतना आना-जाना होता है, लेकिन सड़क की खस्ताहाल स्थिति के कारण उन्हें वैकल्पिक लंबा रास्ता अपनाना पड़ रहा है।

### जानलेवा गड्ढों से परेशान आमजन-

क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस मार्ग से रोजाना व्यापार, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए सतना आना-जाना होता है। लेकिन सड़क की बदतर स्थिति के चलते उन्हें वैकल्पिक, लंबा रास्ता अपनाना पड़ता है।

### अधिकारियों से हुई बातचीत, जल्द शुरू होगा काम-

सड़क की स्थिति को लेकर दूरभाष पर उपयंत्री और एसडीओ अजय मिश्रा से बातचीत हुई। दोनों अधिकारियों ने बताया कि 2-3 दिनों में पैचवर्क कार्य शुरू किया जाएगा, साथ ही सड़क का रिन्यूअल (नवीनीकरण) भी किया जाएगा।

### ठेकेदार ने भी दिया कार्य शुरू करने का आश्वासन-

एसडीओ अजय मिश्रा ने मौके पर उपस्थित संबंधित ठेकेदार से भी बातचीत कराई। ठेकेदार ने भी जल्द ही कार्य प्रारंभ करने का भरोसा दिलाया है।

### स्थानीय जनता ने जताया आभार, शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद-

अधिकारियों की तत्परता और आश्वासन से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। नागरिकों ने लोक निर्माण विभाग से अपील की है कि कार्य को शीघ्र प्रारंभ कर सड़क को फिर से सुगम और सुरक्षित बनाया जाए।

### सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष का आगमन 12 नवम्बर को

**पन्ना।** म.प्र. राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त अध्यक्ष प्रताप करोसिया दमोह से प्रस्थान कर 12 नवम्बर को रात्रि 8 बजे पन्ना आएंगे। अध्यक्ष श्री करोसिया पन्ना सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम पश्चात 13 नवम्बर को दोपहर 12 बजे पन्ना सर्किट हाउस में सफाई कर्मचारियों की ट्रेड यूनियन और समस्त संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। इसके उपरांत कलेक्टर कार्यालय पन्ना में दोपहर 1 बजे से अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में भी शामिल होंगे। आयोग अध्यक्ष शाम 5 बजे पन्ना से भोपाल रवाना होंगे।

## राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर हुए कार्यक्रम





**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार 7 नवम्बर को राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शासन द्वारा राष्ट्रीय गीत की 150वीं वर्षगाठ को एक वर्ष तक निरंतर समारोहपूर्वक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। वंदे मातरम् के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के दृष्टिगत चार चरणों में क्रमशः इस वर्ष 7 से 14 नवम्बर तक एवं वर्ष 2026 में 19 से 26 जनवरी तक, 7 से 15 अगस्त तक तथा एक से 7 नवम्बर तक व्यापक रूप से गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय में शासकीय सेवकों द्वारा सुमधुर ध्वनि के बीच वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। इस मौके पर कलेक्टर ऊषा परमार एवं अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। इसके उपरांत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में भोपाल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम स्मरणोत्सव का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। उपस्थितजनों ने लाइव टेलीकास्ट के जरिए नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन को भी देखा एवं सुना। जिले के तहसील और विकासखंड मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## बीएलओ के साथ मिल कर बीएलए करे सहयोग कोई छूट न सके- अशोक मिश्रा



ब्लॉक कांग्रेस गुनौर मे मतदातासूची विशेष गहन पुनर्निरीक्षण (एसआईआर) को लेकर आयोजित हुई बैठक।

**गुनौर।** निर्वाचन द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनर्निरीक्षण अभियान में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन पर कांग्रेस विधानसभा गुनौर के प्रभारी अशोक मिश्रा के द्वारा उपस्थित बीएलए 02 के साथ साथ सभी कांग्रेस जनों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रत्येक बूथ स्तर पर बीएलए की ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार गौतम द्वारा प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं से मिल कर जिला अध्यक्ष अनीष खान द्वारा नियुक्त कर जिला निर्वाचन को रिकॉर्ड भेज दिया गया है जो प्रत्येक पोलिंग पर उपस्थित रह कर लोगों का सहयोग करे जिससे एक भी सही नाम न छूट सके साथ थी गलत जुड़े नामों की जानकारी संबंधित बीएलओ को दे कर हटवाने में सहयोग करें जिसमें मुख्यरूप से विधानसभा प्रभारी अशोक मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार गौतम, राज बहादुर पटेल, जीवन लाल सिद्धार्थ, महेंद्र बागरी पूर्व विधायक, सेवालाल पटेल,आशीष बागरी, सुरेंद्र मिश्रा ,बाबू लाल पौराणिक ,लल्लू तिवारी , राजू जैन, संजय तिवारी, कुलदीप सिंह डिघौरा, मानवेंद्र सिंह, प्रमोद त्रिपाठी, राजाजी बुंदेला, धर्मराज कश्यप, श्रवण तिवारी, जगदीश पटेल, केसरी अहिरवार, शुभम बागरी,अनूप तिवारी, बलीराम त्रिपाठी, रूपनारायण द्विवेदी, मनोज पाण्डे, आशीष तिवारी, विक्रम सिंह परमार, विनोद बिलौंहा, रविन्द्र मिश्रा, संतोष सिंगरौल, उमेश गुप्ता, रामाधार लोधी,भजन पटेल, पन्नू सोनी, राममिलन चौधरी, रज्जू चौधरी सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची की तैयारी संबंधी कार्य समय पर संपादित कराने के निर्देश

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वर्तमान में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया संचालित है। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मधुवंतराव धुर्वे द्वारा समस्त बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर को मतदाता सूची की तैयारी से संबंधित समस्त कार्य समय सीमा में संपादित कराने के लिए निर्देशित किया गया है। बताया गया है कि उक्त कार्य में संलग्न समस्त लोकसेवक मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन तक आयोग में प्रतिनियुक्ति पर हैं। इस दौरान पदीय कर्त्तव्यों के प्रति लापरवाही पर अनुशासनात्मक कार्यवाही का भी प्रावधान है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1959 की धारा 32 के तहत लापरवाही का कृत्य दण्डनीय होगा। बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर को आगाह किया गया है कि मतदाता सूची की तैयारी में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर म.प्र. सिविल सेवा नियम के तहत निलंबन की कार्यवाही के साथ पुलिस में एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। इसलिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिम्मेवारीपूर्वक पदीय दायित्वों का निर्वहन किया जाए।

## खबर संक्षेप



संजय पाण्डेय संजू को युवा कांग्रेस के चुनाव मे पुरे सिंगरौली जिले मे सबसे ज्यादा वोट पाकर जिला महासचिव प्रथम पद पर निर्वाचित होने पर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनायें।

### राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पर डॉ. श्वेता गर्ग का संदेश

**कैंसर का डर नहीं, समय पर जांच ही सबसे बड़ी जीत है**

छतरपुर। जिला अस्पताल में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के अवसर पर डॉक्टर श्वेता गर्ग ने प्रदेशवासियों से विशेष अपील करते हुए कहा कि कैंसर का सबसे प्रभावी इलाज इसकी शुरुआती पहचान है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लोग बीमारी के शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं, जिसके कारण कैंसर देर से पता चलता है और इलाज मुश्किल हो जाता है। डॉ. गर्ग ने कहा कि एक छोटी सी गाँठ, लगातार न भरने वाला घाव या हल्का सा खून आना ये मामूली नहीं, बल्कि समय पर चेतावनी हैं। इन्हें अनदेखा करना ही कैंसर को जानलेवा बनाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से डॉ. श्वेता गर्ग ने 'कैंसर अवेयरनेस मोबाइल ऐप विकसित किया है, जो सरल हिंदी भाषा में लोगों को कैंसर के शुरुआती लक्षण, जांच और स्क्रीनिंग की प्रक्रिया, इलाज के विकल्प, नजदीकी अस्पतालों की जानकारी और स्वयं-जांच के तरीके बताता है। इस ऐप की प्रदेश की उपमुख्यमंत्री ने भी सराहना की है और इसे ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता का प्रभावी माध्यम बताया है। डॉ. गर्ग ने कहा कि बुंदेलखंड में कैंसर के अधिकतर मामले तंबाकू और गुटखे के सेवन से सामने आते हैं। तंबाकू हर रूप में जहर है। इसे छोडना ही अपने और परिवार के लिए सबसे बड़ा उपहार है। डॉ. श्वेता गर्ग ने अपील करते हुए कहा कि किसी भी असामान्य लक्षण को हल्के में न लें, महीने में एक बार स्वयं-जांच करें, साल में एक बार हेल्थ चेकअप कराएँ, महिलाओं को स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूक करें।

**भारतीय महिला विश्वकप क्रिकेट टीम की सदस्य क्रांति गौंड के प्रथम बार गृह आगमन पर गर्मजोशी के साथ हुआ स्वागत**

# बुंदेलखंड की धरती पर वर्ल्ड चैंपियन बनकर लौटी क्रांति गौंड का जोरदार स्वागत एवं सम्मान



छतरपुर।



भारतीय महिला विश्वकप क्रिकेट टीम में साउथ अफ्रीका को पराजित वनडे बल्ड कप जीतने के बाद क्रांति गौड का आज शुक्रवार को छतरपुर जिले में आगमन हुआ। छतरपुर जिले के आगमन के दौरान क्रांति गौड की क्रांति देखने को मिली। खजुराहो एयरपोर्ट से लेकर उसके ग्रह ग्राम घुवारा तक जगह जगह फूल मालाओं और गुलदस्तों से स्वागत करते हुए लोगों ने पलक पावडे बिछा दिए। छतरपुर में पहली बार ऐसा लगा की विश्व में भारत का नाम रोशन करने बाली छतरपुर जिले में जन्मी लाड़ली बिटिया का लोगों ने जोरदार स्वागत किया प्रधानमंत्री से मिलने के बाद विश्व कप क्रिकेट टीम की खिलाड़ी क्रांति गौड का भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सम्मान किया। सीएम हाउस में हुए सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने क्रांति गौड को मोमेन्टों देकर और शाल उठाकर सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि क्रांति गौड के पिता जो पुलिस विभाग में सस्पेंड चल रहें है, उनको बहाल किया जाएगा और छतरपुर में खेल गतिविधियों को बढावा देने के लिए विश्व स्तरीय स्टेडियम बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि15 नबम्वर को जनजातीय गौरव दिवस पर जबलपुर में क्रांति गौंड के सम्मान में बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा सीएम हाउस में खेल मंत्री विश्वास सांरग ने क्रांति गौड के पिता मुन्ना सिंह, मां नीलम और कोच राजीव बिल्थरे को सम्मानित किया।

**चार्टड विमान से पहुंची खजुराहो -**

विश्वकप क्रिकेट टीम की बिजेता क्रांति गौड चार्टड विमान से खजुराहो एयरपोर्ट पर पहुंची। विधायक अरबिंद पटैरिया ने बुंदेलखंड की बेटी क्रांति गौड का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजुद रहे। राजनगर विधायक अरबिंद पटैरिया ने भगवान मतगेंश्वर की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग मौजुद रहें।

खजुराहो से छतरपुर तक भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ पहुंची विश्व चैम्पियन क्रांति गौड का जगह जगह स्वागत अभिनन्दन किया गया। और बमीठा में भी कई जगह उनका स्वागत हुआ। छतरपुर पहुंचने पर पन्ना नाके से लेकर कलेक्टेट में दर्जनों जगह क्रांति गौड का स्वागत किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में क्रांति गौड के पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक ने स्वागत किया। पन्ना नाके पर अम्बेडकर मूर्ति के पास अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संगठन के द्वारा विश्व बिजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी क्रांति गौंड का स्वागत किया गया। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही और भारी पुलिस बल मौजुद रहा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाद विश्व चैम्पियन खिलाड़ी क्रांति गौड कलेक्टर कार्यालय पहुंची, जहां पर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने अपने चेम्बर में क्रांति गौड को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एंव अपर कलेक्टर भी मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत में क्रांति गौड़ ने कहा मैंने पहले ही कहा था कि मैं भारत की टीम में खेलूंगी और खेली भी, अब विश्व कप जीतकर लौटी हूं। यह मेरे लिए और पूरे बुंदेलखंड के लिए गर्व की बात है। एयरपोर्ट पर उनके स्वागत के दौरान भारी भीड़ उमड़ी रही, जिसके चलते सीआईएसएफ को भी व्यवस्था बनाए रखने में मशक्कत करनी पड़ी। उनके पिता अपनी बेटी की सफलता पर बेहद भावुक दिखाई दिए और खुशी से अभिभूत होकर बोले कि यह पल उनके जीवन का सबसे बड़ा गौरव है। एयरपोर्ट से निकलने के बाद क्रांति गौड़ का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। क्रांति के कोच राजीव बिल्थरे ने बताया कि मुख्यमंत्री ने आत्मीय तरीके से क्रांति गौड़ और उनके परिवार का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड की बेटियों के बेहतर खेल भविष्य के लिए छतरपुर में एक सर्वसुविधायुक्त खेल मैदान का निर्माण कराया जाएगा जिससे क्रांति जैसी बेटियां राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का गौरव बढ़ा सकें। वहीं पन्ना नाके पर जैन छोले-भटोरे के संचालक विक्की जैन द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इसके बाद एसपी ऑफिस में डीआईजी विजय खत्री और एसपी अगम जैन ने क्रांति गौड़ का स्वागत किया। वहीं कलेक्ट्रेट में कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने भी उन्हें सम्मानित किया। खजुराहो से घुवारा जाते समय रास्ते में जगह-जगह नागरिकों और युवाओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। बुंदेलखंड की यह बेटी आज हर दिल की धड़कन बन गई है जिसने पूरे देश को गर्व से सिर ऊँचा करने का अवसर दिया है।

## सनातन हिंदू एकता पदयात्रा का हुआ आगाज, हजारों सनातनी धर्म ध्वज लेकर संकल्प पूरा करने निकल पड़े



दिल्ली। हिंदू राष्ट्र बनाने और समरसता का संकल्प लेकर सनातन हिंदू एकता पदयात्रा निकल पड़ी। देश भर से आए संतो के सानिध्य में दीदी मां ऋतंभरा सहित संत महात्माओं ने बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को धर्म ध्वजा देकर पदयात्रा को रवाना किया। बागेश्वर महाराज ने कहा कि आज का यह दिन पहले से ही इतिहास के पन्नों में दर्ज है और फिर से इतिहास बन रहा है। धर्म सम्राट करपात्री जी महाराज ने गौ माता का आंदोलन शुरू किया था। उन्होंने आह्वान किया कि आज संतों का साथ, सनातनियों का हाथ और नवंबर सात, लक्ष्य के लिए निकल पड़ो। महाराज श्री ने कहा कि पूरी दुनिया को हिंदुओं की ताकत का पता चलना चाहिए। परिवार की लड़ाई खत्म करने के लिए विचारों की लड़ाई हेतु यह पदयात्रा निकल रही है। हिंदू कोई धर्म नहीं बल्कि विचारधारा है।

छतरपुर के सिद्ध पीठ कात्यायनी माता मंदिर प्रांगण से पदयात्रा शुरू हुई। पद यात्रा शुरू होने के पहले मंचीय कार्यक्रम हुआ इसमें आदिगुरु शंकराचार्य जी की, भारत माता और गंगा जी जमुना जी की आरती की गई। महाराज श्री ने मंच पर आने के पहले कात्यायनी माता मंदिर पहुंचे और माता का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। गौ माता का पूजन होने के बाद संतों ने महाराज श्री को पटकी पहनाई। बागेश्वर महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि धर्म सम्राट करपात्री जी महाराज के गौ आंदोलन को आगे बढ़ाने का समय आ गया है। संत समाज एक साथ बैठकर इस संकल्प को पूरा करने के प्रयास में एकजुट है। यह यात्रा राजनीतिक नहीं आध्यात्मिक है इसीलिए यह दिल्ली से वृंदावन जा रही है। गांव गांव शोर होगा एकता पर जोर होगा। यात्रा की शुरुआत के पहले जैन संत लोकेश मुनि महाराज, शनिधाम के दाती महाराज, अभय दास महाराज, जगतगुरु भैया दास महाराज, कोटवन के मोनी जी महाराज सहित अन्य विद्वत संतों ने अपनी वाणी से उपस्थित सनातनियों को आशीर्वाद दिया।इस अवसर पर पूज्य गीता मनीषी जी, दीदी ऋतंभरा, बालक योगेश्वर दास महाराज, दाती महाराज, जैन संत लोकेश मुनि जी, चिदानंद स्वामी, पुंडरीक महाराज, कथा व्यास संजीव कृष्ण महाराज, श्रंगारी जी महाराज छतरपुर, राज राजेश्वरानंद महाराज लंदन, रसराज महाराज, कोटवन मोनी महाराज, माधव दास महाराज राजू दास महाराज पनकी के हनुमान मंदिर के महंत जी, राम जी महाराज, तन्मय वशिष्ठ जी सहित बड़ी संख्या में साधु संत और हजारों की तादाद में सनातनी उपस्थित रहे।

**कुचक्रों को कुचलने का समय आ गयाः दीदी मां**

वात्सल्य ग्राम श्री धाम वृंदावन की दीदी मां साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि जहां सद्भावना होती है वहां संपत्ति और सफलता अवश्य उपस्थित होती है। जब भी देश को जरूरत होती है तो भारत माता बागेश्वर सरकार जैसे लाल को जन्म देती है। दीदी मां ने कहा कि अब कुचक्रों को कुचलने का समय आ गया है। धर्म के अनूठे अनुष्ठान के लिए जन चेतना का यह अभियान बिना रुके आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा विधर्मियों को करारा जवाब देगी।

**भारत को जगतगुरु बनाने का आधार बनेगी पदयात्राः गीता मनीषी महाराज**

प्रख्यात संत गीता मनीषी जी महाराज ने कहा कि समय की आवश्यकता है इसीलिए यह पदयात्रा निकल रही है। पदयात्रा का संकल्प बागेश्वर बालाजी और बांके बिहारी के मिलन तक सीमित नहीं है बल्कि वंचित और अपने आप को कमतर मानने वाले लोगों के मिलन का अवसर है। यह यात्रा समरसता की माला पिरोने का काम करेगी। यात्रा भारत माता के कंठ का श्रृंगार बनेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से धर्म को कुचलने के प्रयास किया जा रहे हैं उन विधर्मियों को यह पदयात्रा जवाब दे रही है।

**राष्ट्रगान, हनुमान चालीसा, वंदे मातरम के बाद लिए गए सात संकल्प**

यात्रा की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। महाराज श्री ने सभी से वंदे मातरम गाने का आह्वान किया। इसके पश्चात हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। सनातन हिंदू एकता पदयात्रा जिन सात संकल्पों को लेकर निकाली जा रही है उन संकल्पों को मां कात्यायनी और बालाजी को साक्षी मानकर दोहराया गया। महाराज श्री ने सभी सनातनी पद यात्रियों को संकल्प दिलाया कि वे अपने सनातन धर्म की आन बान शान के लिए खड़े रहेंगे।

## जिले में 1 माह में न्यायालय द्वारा विभिन्न थानों के 200 से अधिक प्रकरणों में आरोपियों को दी गई सजा

**छतरपुर। पुलिस के निरंतर अनुसंधान एवं प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप माननीय न्यायालय द्वारा जिले के विभिन्न थानों के 200 से अधिक प्रकरणों में आरोपियों को सजा सुनाई गई।**

थाना कोतवाली (वर्ष 2023) के हत्या के प्रकरण में न्यायालय द्वारा मुख्य आरोपी मुलायम सिंह यादव, ऋषि मिश्रा एवं सत्येंद्र सिंह को आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया। थाना नौगांव (वर्ष 2022) के हत्या के प्रयास प्रकरण में आरोपी मलखान कुशवाहा को 5 वर्ष का कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया। थाना खजुराहो (वर्ष 2024) के छेड़छाड़ संबंधी प्रकरण में आरोपी हृदेश यादव को न्यायालय द्वारा 3 वर्ष कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई गई। लवकुश नगर (वर्ष 2024) के दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट प्रकरण में आरोपी नंदराम पटेल को 10 वर्ष कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया। महिला थाना (वर्ष 2024) के दुष्कर्म एवं पास्को एक्ट के प्रकरण के आरोपी अर्जुन अहिरवार एवं अन्य को 10 वर्ष के कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया।

प्रकरणों में पुलिस द्वारा भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्र कर समय से न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। फॉरेंसिक साइंस टीम द्वारा एकत्रित साक्ष्य भी समय पर न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। साथ ही, साक्षियों के कथन सुरक्षा पूर्वक न्यायालय में पेश कर विधिक प्रक्रिया संपन्न करवाई गई।

इन गंभीर अपराधों सहित जिले में विगत 1 महीने में में 200 से अधिक प्रकरणों में दोषसिद्धि दर्ज की गई है, जो छतरपुर पुलिस की सशक्त विवेचना, वैज्ञानिक जांच एवं जिला अभियोजन अधिकारी प्रवेश अहिरवार एवं अभियोजन टीम की पैरवी का परिणाम है। छतरपुर पुलिस अपराधियों के विरुद्ध कठोर और निष्पक्ष कार्रवाई जारी रखेगी। प्रत्येक पीड़ित को न्याय दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। कानून व्यवस्था बनाए रखना एवं न्याय की सुनिश्चितता हेतु छतरपुर पुलिस प्रतिबद्ध है।

## राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक वंदे मातरम का गायन सम्पन्न

छतरपुर।

भारत सरकार द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगाँठ को देश भर में 07 नवम्बर 2025 से 07 नवम्बर 2026 तक समारोहपूर्वक आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिला स्तर पर शुक्रवार को छतरपुर शहर के किशोर सागर तालाब के पास ऑडिटोरियम में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार की उपस्थिति में सामूहिक रूप से जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगीत का गायन किया गया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, डीआईजी विजय खत्री, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एसपी अगम जैन, जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एडीएम मिलिंद नागदेवे, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, एएसपी आदित्य पटले ने भी सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत गाया। इसके अलावा जिले के अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों, स्कूली छात्रों एवं उपस्थित नागरिकों ने सामूहिक गायन किया। साथ ही दिल्ली से प्रसारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। प्रधानमंत्री




श्री मोदी द्वारा एक सिक्का, डाक टिकिट, एक पोर्टल का भी शुभारंभ किया गया। पुलिस बैंड द्वारा वंदे मातरम् धुन की प्रस्तुति दी गई।

**वर्षभर चार चरणों में होगी गतिविधियां**

वंदे मातरत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दृष्टिगत वर्षभर विविध गतिविधियों चार चरणों प्रथम-7 से 14 नवम्बर 2025 (शुभारंभ), द्वितीय 19 से 26 जनवरी 2026 (गणतंत्र दिवस), तृतीय-7 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ) तथा चतुर्थ- 01 से 07 नवम्बर 2026 (समापन सप्ताह) में व्यापक रूप से आयोजित की जाएगी।

## नहरों की साफ-सफाई एवं अर्थ वर्क के काम में तेजी लाएंः कलेक्टर



**बारिश से खराब सड़कों की मरम्मत कार्य इसी माह पूर्ण कराने के निर्देश**

छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में संबंधित विभागों एवं निर्माण एजेंसियों द्वारा किए गए निर्माण कार्यों एवं बारिश से खराब हुई सड़कों के मरम्मतीकरण के संबंध में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी सहित निर्माण कार्यों से संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत समीक्षा करते हुए बारिश से खराब हुई लवकुशनगर, बारीगढ़ एवं राजनगर अंतर्गत मार्गों एवं पुलियों की मरम्मत में देरी होने पर कड़ी नाराजगी जताई। साथ ही अप्रारंभ कार्यों में संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा पूर्ण हो चुके कार्यों का एसडीएम से वेरिफिकेशन कराया जाएगा। कलेक्टर ने महीने के अंत तक सभी कार्य गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए शतप्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने एनएचएआई के कार्यों की समीक्षा करते हुए सागर कबराई फोरलेन मार्ग के निर्माण में अधिक मशीनरी एवं लेबर लगाकर कार्य में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर पीडब्ल्यूडी एनएच के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए ईई डब्ल्यूआरडी को निर्देश दिए कि जिले की सभी नहरों की साफ-सफाई बेहतर ढंग से हो जाए और कार्य में गति लाएं। उन्होंने कहा कार्य में संबंधित की जिम्मेदारी तय करें। ताकि किसानों को बिना अवरुद्ध के पानी मिल सके। साथ ही अप्रारंभ कार्यों को भी प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सेतु निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा जो एजेंसी कार्य नही कर रही हैं उनके टेंडर निरस्त करें।

**ईई पीडब्ल्यूडी, एसडीओ लवकुशनगर एवं ऑपरेटर का सात दिवस के वेतन काटने के निर्देश**

कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा जो कार्य अप्रारंभ है उनकी एजेंसी से अनुबंध निरस्त कर दूसरे को कार्य सौंपे। साथ ही खराब प्रगति पर एसडीओ लवकुशनगर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए और जानकारी ठीक नहीं होने पर ईई पीडब्ल्यूडी को शोकॉज एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर की सात दिवस की वेतन काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्य संतोषजनक नहीं होने पर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही म.प्र. भवन विकास निगम की समीक्षा में बक्सवाहा, बिजावर एवं छतरपुर के कार्य पूर्ण बताए गए शेष जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## लघु वेतन कर्मचारी संघ ने 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रशासन को सौंपा

**मांगे पूरी न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी**

छतरपुर। मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के बैनर तले शुक्रवार को कर्मचारियों ने अपनी 15 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम संबोधित किया गया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र अमल नहीं किया गया तो वे भोपाल में व्यापक धरना-प्रदर्शन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। कर्मचारी संघ ने ज्ञापन में चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की मांग के साथ-साथ भृत्य का पदनाम बदलकर कार्यालय सहायक करने की पुरानी मांग दोहराई। संघ ने कहा कि यह मांग पिछले 15 वर्षों से लंबित है, जबकि इससे सरकार पर कोई आर्थिक भार नहीं पड़ेगा। इसके अलावा आकस्मिक एवं कार्यभारित कर्मचारियों को नियमित स्थापना के रिक्त पदों पर समायोजित करने, अवकाश नगदीकरण और पदोन्नति का लाभ देने की भी मांग रखी गई। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश के स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों को 7वां वेतनमान 01 जनवरी 2016 से दिया जाए, क्योंकि अधिकारियों को तो यह लाभ उस तिथि से मिल चुका है, जबकि अन्य कर्मचारियों को 01 अप्रैल 2018 से ही यह लाभ दिया गया, जो पक्षपातपूर्ण है। संघ ने सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के ग्रेड-पे को 1300 से बढ़ाकर ?1800 करने और सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदोन्नति देने की भी मांग की है।



कर्मचारियों ने कहा कि वर्दी धुलाई भत्ता वर्ष 2009 से मात्र 50 दिया जा रहा है, जो बेहद कम है। इसे बढ़ाकर 200 प्रतिमाह किया जाए और हर विभाग में वर्दी के बजट के अभाव में कर्मचारियों को नगद भुगतान की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा स्थाईकर्मी, दैनिक वेतनभोगी, अंशकालीन, आउटसोर्स, आंगनबाड़ी, आशा-उषा कार्यकर्ता, रसोइया एवं ग्राम रक्षक (कोटवार) के वेतन एवं स्थायीकरण से संबंधित मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया गया। संघ ने मांग की कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को शासकीय कर्मचारी घोषित कर नियमित वेतनमान दिया जाए। वहीं, ग्राम रक्षकों को नियमित सेवा में शामिल किया जाए और उनसे बेगार कार्य कराना बंद हो। आउटसोर्स कर्मचारियों को भी ठेका प्रथा से मुक्त कर वरिष्ठता के आधार पर नियमित सेवा में समायोजित करने की मांग की गई। अंत में संघ ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने, एनपीएस को समाप्त करने और वर्दी के बजट की राशि सीधे कर्मचारियों के खातों में जमा कराने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## सरपंचों ने सौंपा ज्ञापन, ग्रामीण विकास की ठप व्यवस्था पर जताई नाराजगी

**छतरपुर। जिला सरपंच संघ जिला छतरपुर के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कौशिक के नेतृत्व में शुक्रवार को सरपंचों के एक प्रतिनिधि मंडल ने प्रधानमंत्री के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरपंचों ने ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की बदहाल स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए तत्काल समाधान की मांग की।**



ज्ञापन में कहा गया कि बीते कई दिनों से उपयंत्री संघ की हड़ताल के कारण ग्रामीण विकास की आर्थिक व्यवस्था ठप हो गई है, जिससे ग्रामीण जनता अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। सरपंचों ने मांग की कि हड़ताल को शीघ्र समाप्त करवाया जाए और पिछले तीन माह से लंबित लेबर बजट की राशि पंचायतों के खातों में जमा करवाई जाए। सरपंच संघ ने यह भी कहा कि मध्यप्रदेश आर्थिक रूप से बदहाल स्थिति में है, इसलिए राज्य को डिफाल्टर घोषित कर चार लाख करोड़ रुपये का बेलआउट पैकेज दिया जाए। साथ ही पंचायती राज अधिनियम और मनरेगा अधिनियम को संसद की मूल भावना के अनुरूप लागू करने की मांग भी की गई। ज्ञापन में ग्रामीण जनता की हितग्राही योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, लाड़ली बहना योजना, मनरेगा और आयुष्मान भारत योजना को पुनः सक्रिय करने और इनके पोर्टल शीघ्र खोलने की मांग की गई। इसके अलावा वित्त आयोग की अनुदान राशि को नई जनसंख्या के अनुसार बढ़ाने तथा मनरेगा योजना की जटिलताओं की समीक्षा करने या इसे समाप्त करने की मांग भी की गई। इस मौके पर जिलेभर की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच और प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## खजुराहो में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की 'सनातन एकता यात्रा के लिए पूजन-पाठ की शुभ शुरुआत

**खजुराहो। खजुराहो में आज ब्रह्म मुहूर्त में श्री मतँगेश्वर महादेव की आरती के पश्चात बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की 'सनातन एकता यात्रा हेतु पूजन-पाठ का शुभारंभ किया गया। यह धार्मिक आयोजन मतँगेश्वर महादेव क्रे पीठाधिश्वर पंडित बाबू लाल गौतम क्रे मार्गदर्शन में हुआ मतँगेश्वर सेवा समिति, दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर एवं खजुराहो डेवलपमेंट एसोसिएशन के संयोजन में संपन्न हुआ।**



इस अवसर पर समिति के पंडित सुधीर शर्मा के संयोजन में खजुराहो के श्री मतँगेश्वर महादेव, चौसठ योगिनी, बगराजन माता, त्रिलोखर धाम, आदिनाथ - शांतिनाथ भगवान, धोलागिर, बलखंडी, बिहारी जी और गेल के बब्बा जी सहित नौ प्रमुख मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। पंडित शर्मा ने बताया कि 'सनातन एकता का उद्देश्य संपूर्ण सनातन समाज को एक सूत्र में बाँधना है ताकि हिन्दू समाज अपने धर्म, संस्कृति, परंपराओं, मंदिरों और राष्ट्रहित के प्रति अधिक जागरूक एवं संगठित बन सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सनातन समाज जाति, पंथ, भाषा और क्षेत्र के नाम पर विभाजित है, और इस विभाजन का लाभ कुछ राजनीतिक व विदेशी शक्तियाँ उठाती हैं। सनातन एकता अभियान का उद्देश्य इन कृत्रिम भेदों को मिटाकर 'हम सब सनातनी हैं की भावना को सशक्त बनाना है। इस यात्रा के शुभारंभ हेतु 7 नवम्बर 2025 का दिन चुना गया, जिसका अंकज्योतिषीय योग (07+11=09 तथा 2025=09) अत्यंत शुभ और संत परंपरा में विशेष महत्व वाला माना गया है। पंडित शर्मा ने बताया कि यह संयोग इस यात्रा को दिव्यता और सिद्धि का विशेष आशीर्वाद प्रदान करेगा। सभी उपस्थित श्रद्धालुओं एवं संतजनों ने शास्त्री जी की सफल एवं मंगलमय यात्रा के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर आर.के. उपाध्याय (अध्यक्ष एडवोकेट एसोसिएशन राजनगर), चार्ली राजा, राज रैकवार, आयुरग्राम (केरल) के कृष्णा प्रसाद तथा परिवर्तन एनजीओ के सदस्य सहित अनेक महिलाओं तथा श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रदेश मंत्री के प्रथम नगर आगमन पर जगह-जगह किया गया स्वागत



छतरपुर। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की नव-नियुक्त प्रदेश मंत्री एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना गुड्डू सिंह के प्रथम नगर आगमन पर शहर में भव्य स्वागत किया गया। सागर से छतरपुर आने के दौरान जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ उनका अभिनंदन किया। शहर में माहौल उत्सवमय रहा और जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए गए। छत्रसाल चौराहे पर आयोजित जनसभा में प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह ने कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की सहमति से प्रदेश संगठन ने यह जिम्मेदारी दी है, जनता और कार्यकर्ताओं के सहयोग से निभाएंगी। भोपाल से लौटते समय जगह-जगह स्वागत के बाद शहर में भव्य रोड शो आयोजित किया। गया। यह शो छत्रसाल चौक से महल दरवाजा, चौक बाजार, बस स्टैंड होते हुए भाजपा कार्यालय तक निकाला गया, जहां समापन हुआ।

## एनटीपीसी विंध्याचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया एनटीपीसी का 51वां स्थापना दिवस

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल में 7 नवम्बर 2025 को एनटीपीसी लिमिटेड का 51वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह, गर्व और सतत विकास के प्रति नव संकल्प के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रशासनिक भवन प्रांगण में परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) श्री संजीब कुमार साहा द्वारा ध्वजारोहण एवं प्रेरणादायक संबोधन से हुई। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, परिजनों और सहयोगियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए एनटीपीसी की यात्रा की सराहना की, जो एक कोयला आधारित विद्युत उत्पादक से वैश्विक स्तर पर विविध और सतत ऊर्जा समाधान प्रदान करने वाले अग्रणी संगठन के रूप में विकसित हुआ है।



स्थापना दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अंबेडकर स्टेडियम में एक विशाल वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया, जिसमें आँवला, जामुन और अमरूद के 2000 फलदार पौधे रोपे गए। साथ ही, परियोजना की सीएसआर पहल के अंतर्गत ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सिंगरौली के सहयोग से संचालित सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम की 17 लाभार्थियों को सिलाई मशीनें वितरित की गईं, जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहन मिला।

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य और नवाचार को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 07 "पावर एक्सेल अवॉर्ड" तथा 05 "एम्प्लॉयी ऑफ द ईयर अवॉर्ड" प्रदान किए गए। साथ ही, श्री राघवेंद्र प्रसाद, अपर महाप्रबंधक (आरएलआई) द्वारा रचित प्रेरक पुस्तक "टॉक द वॉक" का विमोचन भी श्री साहा एवं वरिष्ठ प्रबंधन टीम द्वारा किया गया। 50 प्रेरणादायक कार्यस्थल कथाओं पर आधारित यह पुस्तक एनटीपीसी की संस्कृति, मूल्यों और समर्पण की भावना को अभिव्यक्त करती है।

इन सभी कार्यक्रमों का नेतृत्व श्री संजीब कुमार साहा द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम); डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा), श्री देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ), श्री राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। यह आयोजन एनटीपीसी विंध्याचल की एकता, उत्कृष्टता और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता का सजीव प्रतीक रहा, जो राष्ट्र के महत्वपूर्ण विकास में एनटीपीसी की गौरवशाली विरासत को दर्शाता है।

**खबर संक्षेप**

### जनजातीय कार्य मंत्री वीडियो कान्फ्रेंसिंग से करेंगे गौरव दिवस के तैयारियों की समीक्षा

**रीवा** । जनजातीय गौरव दिवस 15 नवम्बर को समारोह पूर्वक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी द्वारा सजीव सहभागिता गुजरात से प्रस्तावित है। जनजातीय गौरव दिवस की पूर्व तैयारी के संबंध में बैठक 8 नवम्बर को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक कलेक्टर कार्यालय जबलपुर में आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह करेंगे। बैठक में जबलपुर संभाग के अतिरिक्त रीवा, शहडोल व सागर संभाग के संभागायुक्त एवं कलेक्टर्स वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। बैठक में संभागीय अधिकारियों व जिलों के अधिकारियों को भी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

### अस्पताल में चोरी का वीडियो वायरल सुरक्षाकर्मी ने नहीं दी जानकारी

**रीवा** । गांधी मेमोरियल अस्पताल में मेडिकल उपकरण के चोरी का एक वीडियो वायरल हुआ है। दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो गांधी मेमोरियल का है, जिसमें दिख रहे उपकरण मंगलवार की रात गायनी विभाग से चोरी हुए बताए जा रहे है। वीडियो के अनुसार चोर के बैग में भरे उपकरणों को सुरक्षाकर्मी ने पकड़ा और फिर उसे जाने दिया। मामले की जानकारी सुरक्षाकर्मी ने वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी। अब वीडियो देखने के लिए अस्पताल प्रबंधन ने मामले को संज्ञान में लिया है। अस्पताल के उप अधीक्षक डॉ यत्नेश त्रिपाठी ने कहा कि सुरक्षा अधिकारियों को बुलाकर जानकारी ले रहे हैं। अभी नाम का खुलासा नहीं हुआ है। मामले की विस्तृत रिपोर्ट बनाएंगे। दोषी के किद्ध ठोस कार्रवाई की जाएगी।4 सोते मिले, कुछ गुटखा खाते पाए गएदो दिन पहले भी अस्पताल के भीतर से भर्ती मरीजों के आधा दर्जन से ज्यादा मोबाइल चोरी हो गए थे। इस घटना के बाद से प्रबंधन ने सुरक्षा व्यवस्था देख रही कंपनी की खिचाई की। मामला बिगड़ता देख आउटसोर्स एजाइल कंपनी के मैनेजर अमृतांश शर्मा ने बीती रात अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान 4 सुरक्षकर्मी सोते मिले। जबकि 2 सुरक्षाकर्मी परिसर के बाहर गुटखा खाते मिले।

### गांजा तस्करी करते युवक को पुलिस ने पकड़ा

**कटनी**। कोतवाली पुलिस ने गांधीगंज निवासी युवक को गांजा की तस्करी करते गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 1.340 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत 14 हजार रुपए बताई जा रही है। कार्यवाही थाना प्रभारी निरीक्षक राखी पाण्डेय के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार 6 नवंबर को पुलिस टीम गिरजा घाट मैदान क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तभी झाड़ियों के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस को देख वह घबराने लगा और अपने हाथ में लिए थैले को छिपाने का प्रयास करने लगा। जब पुलिस ने पूछताछ की, तो उसने अपना नाम गोलू उर्फ गौरव निषाद पिता स्व. भगवानदास निषाद (28 वर्ष), निवासी गांधीगंज प्रेस गली कटनी बताया। थैला खोलने पर उसमें गांजा बरामद हुआ, जिसे तौलने पर 1.340 किलो पाया गया। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा था।

### 26 स्थलों में लगे 85 सीसीटीवी कैमरे

**कटनी**। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के मार्गदर्शन एवं मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल के सहयोग से "कटनी की सजग दृष्टि" नामक परियोजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना के अंतर्गत विधायक निधि से 15 लाख रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई है, जिसके माध्यम से शहर के 26 प्रमुख स्थलों पर 85 अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। इन कैमरों की निरंतर निगरानी पुलिस कंट्रोल रूम में स्थापित सीसीटीवी मॉनिटरिंग रूम से की जाएगी। पुलिस की यह तकनीकी पहल शहर के संवेदनशील क्षेत्रों पर सीधी और सतत निगरानी सुनिश्चित करेगी। इसके माध्यम से न केवल अपराध की रोकथाम और अपराधियों की पहचान में मदद मिलेगी।

**एक क्विंटल से अधिक गांजा और सैकड़ों शीशी नशीली कफ सिरप जब्त, ऑपरेशन प्रहार 2.0' की बड़ी सफलता**

# लग्जरी कार से गांजा और कोरेक्स की तस्करी का पर्दाफाश, दो तस्कर गिरफ्तार






**रीवा**। पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत एवं उप पुलिस महानिरीक्षक रीवा रेंज हेमंत चौहान के नेतृत्व में जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार 2.0 अभियान के तहत नशे के कारोबार पर बड़ा प्रहार किया गया है। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशन में थाना चोरहटा पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में नशीले पदार्थों की बड़ी खेप पकड़कर तस्करों को गिरफ्तार किया है। थाना चोरहटा पुलिस को 7 नवंबर 2025 को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम देवरा बाईपास रोड के पास एक सफेद रंग की इनोवा कार में भारी मात्रा में गांजा ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आशीष मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कार को रोक कर तलाशी के दौरान इनोवा कार से 105 किलो 980 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 21 लाख 20 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने वाहन को भी जब्त किया, जिसकी कीमत करीब 20 लाख रुपये है। गांजा की तस्करी में लिप्त आरोपी की पहचान अखिलेश सिंह पटेल उर्फ पप्पू, पिता जगन्नाथ पटेल, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम बीड़ा थाना सेमरिया जिला रीवा के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की विवेचना की जा रही है।कोरेक्स सिरप की तस्करी का भी भंडाफोड़थाना चोरहटा पुलिस ने दूसरी कार्रवाई में नशीली कफ सिरप की तस्करी का नेटवर्क ध्वस्त किया है। मुखबिर की सूचना पर 7 नवंबर को ग्राम खैरी बस्ती रेलवे लाइन के पास घेराबंदी की गई, जहां एक सफेद मारुति जेन कार में अवैध रूप से कोरेक्स सिरप की खेप लाई जा रही थी। पुलिस ने मौके से 557 शीशी ऑनरेक्स कफ सिरप जब्त की, जिसकी कीमत 1 लाख 12 हजार 235 रुपये बताई गई है। पुलिस ने मौके से राजेश कुमार मिश्रा उर्फ मिट्ठू, पिता स्व. सियाशंकर मिश्रा, उम्र 46 वर्ष, निवासी ग्राम अतरैजी सन्सारपुर थाना कोराव जिला प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया है। आरोपी से बरामद वाहन मारुति जेन कार की कीमत लगभग 3 लाख रुपये है।ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत रीवा जोन में नशे के कारोबारियों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि अवैध नशे का धंधा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर पुलिस की ओर से भव्य मैराथन का हुआ आयोजन



रीवा।

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन पर आज शुक्रवार, 7 नवम्बर 2025 को जिला पुलिस रीवा द्वारा एक भव्य मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जवानों के साथ शहर के नागरिकों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर देशभक्ति का अनूठा संदेश दिया।मैराथन का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर एवं देहात), पुलिस प्रशिक्षण शाला के अधिकारी-कर्मचारी, विशेष सशस्त्र बल 9वीं बटालियन के अधिकारी व जवान, तथा जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत के आत्मसम्मान, त्याग और एकता की प्रतीक भावना है। कार्यक्रम में युवा कल्याण विभाग, रीवा के सहयोग से फिजिकल अकादमी के छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने देशभक्ति और ऊर्जा से भरपूर माहौल में मैराथन पूरी की। रास्ते भर वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से शहर की सड़कों पर देशप्रेम की गूंज सुनाई दी।वही मैराथन के समापन पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया।

## पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का रीवा पहुंचने पर हुआ आत्मीय स्वागत



**रीवा**। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का रीवा एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत किया गया। पूर्व राष्ट्रपति रीवा में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अधिवेशन में शामिल होने के लिये भोपाल से वायुयान द्वारा रीवा पहुंचे। रीवा एयरपोर्ट में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान सहित जनप्रतिनिधियों, साहित्य परिषद के पदाधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने पूर्व राष्ट्रपति का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

## वंदे मातरम हमारी संस्कृति और राष्ट्र भक्ति का प्रतीक

### उप मुख्यमंत्री ने मधुर स्वर में गाया वंदे मातरम



**रीवा** । पूरे देश के साथ-साथ रीवा में भी वंदे मातरम राष्ट्रगीत की 150वीं स्मरण उत्सव मनाया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह में सामूहिक रूप से वंदे मातरम गीत का गायन किया गया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मधुर स्वर में वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के सभी अंतरे मधुर स्वर में गए। उप मुख्यमंत्री के स्वर में झलकी देशभक्ति और उल्लास ने उपस्थित जनसमूह को भाव विभोर कर दिया। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वंदे मातरम दिवस के उद्बोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं बल्कि हमारी आत्मा, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। हर भारतीय इस गीत के अर्थ और भाव को अपने जीवन में आत्मसात करे। बंकिमचंद्र चटर्जी ने आज से 150 साल पहले वंदे मातरम गीत की रचना की। यह गीत उनके द्वारा सन्यासी विद्रोह की पृष्ठभूमि में रचे गए आनंदमठ उपन्यास में शामिल है। स्वाधीनता संग्राम में यह गीत आजादी के संघर्ष का प्रतीक बनकर उभरा। हसते-हसते फांसी के फंदे पर चढ़ने वाले क्रांतिकारियों के होठो पर अंतिम शब्द वन्दे मातरम ही होता था। अंग्रेजों के विरूद्ध चलाए गए हर आंदोलन में वंदे मातरम की गूंज होती थी। यह गीत हमें अपने परंपरा, इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर की याद दिलाते हुए देश के विकास में योगदान के लिए प्रेरित करता है। भारत को विश्वगुरू बनाना है तो हमें वंदे मातरम की मूल आत्मा के अनुरूप आर्थिक विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विकास भी करना होगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी की पहल पर आज देश भर में 150 स्थानों पर वंदे मातरम से जुड़े समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें मध्यप्रदेश के 10 संभागीय मुख्यालयों के साथ रीवा भी शामिल है। समारोह में पीके संदीपनि विद्यालय की छात्राओं ने वंदे मातरम तथा मध्यप्रदेश गान प्रस्तुत किया। समारोह पुलिस बैण्ड ने आकर्षक धुन बजाई। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी हेमंत चौहान, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर तथा संभागीय एवं जिला अधिकारी, कर्मचारीगण और आमजन उपस्थित रहे।

## विन्ध्य ने हमें सफेद बाघ और थल तथा नौसेना अध्यक्ष का गौरव दिया है, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

### साहित्य परिषद अधिवेशन के विचार मंथन का अमृत देश को दिशा देगा, उप मुख्यमंत्रीपूर्व राष्ट्रपति ने अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अधिवेशन का किया शुभारंभ

रीवा ।







अखिल भारतीय साहित्य परिषद के 17वें अधिवेशन का शुभारंभ पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया। रीवा के कृष्णा राज कपूर आडिटोरियम में आयोजित समारोह में पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि विन्ध्य साहित्य और संगीत के साधकों की भूमि है। यह बीरबल और तानसेन जैसे व्यक्तियों की जन्मभूमि है। विन्ध्य सफेद बाघ के लिए पूरी दुनिया में विख्यात है। विन्ध्य ने हमें सफेद बाघ ही नहीं वर्तमान में थल सेना अध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी और नौ सेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश त्रिपाठी दिए हैं। यह विन्ध्य ही नहीं पूरे देश के लिए बहुत बड़ा गौरव है। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तीन दिवसीय अधिवेशन ने देश भर के साहित्यकारों और विद्वानों को इस पावन भूमि के सानिध्य का अवसर दिया है। अधिवेशन का मूल वाक्य आत्मबोध से विश्वबोध है। अपने आपको जब हम ठीक से जानकर सच्चे अर्थों में आत्मबोध कर लेंगे तभी हमें विश्व का बोध होगा। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि जो स्वयं को जान लेता है वही विश्व कल्याण कर सकता है। जब आत्मबोध और आत्मशक्ति क्षीण होने लगती है तब हम पराभव की ओर जाते हैं। ऐसे में राष्ट्र गुलामी की जंजीरों में जकड़ जाता है। देश में सदियों की पराधीनता में भी साहित्य ने बौद्धिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों का दीप जलाए रखा। स्वाधीनता संग्राम में साहित्य और साहित्यकारों का अतुलनीय योगदान है। स्वाधीनता के बाद देश में विकास की चेतना के लिए भी साहित्य सशक्त माध्यम बना। साहित्य से ही हमें आर्थिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक चेतना मिलती है। इन्हें साहित्य ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक ले जाता है। समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि साहित्य परिषद के तीन दिवसीय अधिवेशन में विद्वानों द्वारा किए गए विचार मंथन से जो अमृत निकलेगा वह देश को नई दिशा देगा। रीवा में अधिवेशन का आयोजन होना हम सबके लिए बहुत बड़ा गौरव है। विन्ध्य को महामृत्युंजय भगवान, माँ शारदा, माँ विन्ध्यवासिनी, चिरहुलानाथ स्वामी, रानी तालाब की कालिका देवी का आशीर्वाद प्राप्त है। माँ नर्मदा का उद्गम स्थल अमरकंटक और भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट भी विन्ध्य में ही है। आज का दिन हम वंदे मातरम गीत के 150वें स्मरोणत्सव को मना रहे हैं। आज ही इस अधिवेशन का शुभारंभ हमारे लिए अविस्मरणीय है समारोह में साहित्य परिषद के वरिष्ठ साहित्यकार विश्वास पाटिल ने रोचक संस्मरणों के साथ अपनी साहित्यिक यात्रा और साहित्य परिषद के कार्यों की जानकारी दी। समारोह में साहित्य परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ ऋषि कुमार मिश्र ने साहित्य परिषद के कार्यों और उपलब्धियों का विवरण प्रस्तु किया। समारोह में पूर्व राष्ट्रपति ने रेवाखण्डे पुस्तिका का विमोचन किया। समारोह में पूर्व राष्ट्रपति को साहित्य परिषद की ओर से स्मृति चिन्ह और सुपारी की कलाकृति भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीधर पराड़कर, साहित्य परिषद के अध्यक्ष डॉ सुशीलचंद्र त्रिवेदी तथा प्रांताध्यक्ष राकेश सोनी, जिलाध्यक्ष शिवानंद तिवारी तथा अधिवेशन संयोजक चंद्रकांत तिवारी सहित देश भर के एक हजार से अधिक साहित्यकार शामिल हुए। अधिवेशन का संचालन साहित्य परिषद के संयुक्त महामंत्री डॉ पवनपुत्र बादल ने किया।

## मऊगंज में सामूहिक रूप से वंदे मातरम का हुआ गायन

### राष्ट्रगीत वंदे मातरम भारत माता का गुणगान है - विधायक मऊगंज




मऊगंज

राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150वें वर्षगांठ पर वर्ष भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में मऊगंज जिला मुख्यालय में सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन हुआ। कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल ने कहा कि संघर्षों की लंबी लड़ाई के बाद हमें आजादी मिली और आजादी के बाद राष्ट्रगान के साथ ही राष्ट्रगीत वंदे मातरम को देश में स्वीकार किया गया। वंदे मातरम गीत में हमारी भारत माता के गुणगान के साथ ही आजादी की लड़ाई में बलिदान देने वाले व भाग लेने वाले सेनानियों का स्मरण किया गया है। राष्ट्रगीत हमें अपने कर्तव्य पथ पर चलने का मार्ग प्रशस्त करता है। कार्यक्रम में कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

**मऊगंज में गोशालाओं मे भारी भ्रष्टाचार**

## कागज़ों में संचालित गौशालाओं से हर महीने करोड़ों का खेल!

मऊगंज



जिले में शासन की मंशा गौसंवर्धन और गोसेवा की भले ही रही हो, लेकिन हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। जिले में संचालित कुल 74 गौशालाएं अब भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी हैं। इन गौशालाओं में पंजीकृत लगभग 15 हजार गोवंशों के नाम पर हर महीने सरकार की ओर से लगभग 1 करोड़ 81 लाख 20 हजार रुपए की राशि जारी की जाती है। यह धनराशि प्रतिदिन प्रति गोवंश 40 के हिसाब से दी जाती है।लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि लगभग 30 से 40 प्रतिशत गौशालाएं सिर्फ कागज़ों पर संचालित हैं। नोडल अधिकारियों द्वारा फर्जी आंकड़े दिखाकर गौवंशों की संख्या बढ़ा-चढ़ाकर दर्शाई जा रही है।गौशालाओं की निगरानी की जिम्मेदारी जिला कलेक्टर को सौंपी गई है, लेकिन अब तक किसी भी गौशाला का भौतिक निरीक्षण नहीं किया गया। हाल ही में कलेक्टर ने यह आदेश जारी किया था कि "यदि गोवंश सड़क पर दिखें तो संबंधित पंचायत सचिव व रोजगार सहायक पर कार्रवाई की जाएगी।"लेकिन विडंबना यह है कि सड़कें आज भी बेसहारा गोवंशों से भरी पड़ी हैं, आए दिन क्षेत्र के लोग आवारा गोवंशो की वजह से दुर्घटनाग्रस्त हो रहें हैं और किसान अपनी खेती बचाने के लिए आवारा गोवंशो से जद्दोजहद कर रहे हैं जबकि कागजों में वही गायें और गोवंश "गौशालाओं में सुरक्षित" बताई जा रही हैं।

### 38 लाख में बनी अधूरी गौशालाएं सिर्फ कागजों पर ही हो रही संचालित!

एक गौशाला के निर्माण के लिए 38 लाख रुपए का बजट निर्धारित किया गया है।इन गौशालाओं में करीब 150 गोवंश रखने की व्यवस्था होनी चाहिए।गणना के अनुसार प्रति गौशाला हर महीने 1,80,000 चारा और रखरखाव के लिए जारी किए जा रहे हैं।150 का यह अनुमानित आंकड़ा है जबकी वास्तविकता यह है की एक गौशाला में 300 से 400 गोवंश दर्शाए जा रहें हैं जिले में ज्यादातर गौशालाओं में न भूसा है, न पानी की व्यवस्था, और न गोवंश मौजूद!कई गौशालाओं के भूसा गृह तक अधूरे या जर्जर हालत में हैं।

### एक गौशाला में एक महीने में चार लाख का खेल!

सूत्रों के अनुसार, जिले की एक गौशाला में सिर्फ एक महीने में चार लाख रुपए का बजट गोवंशों के नाम पर जारी किया गया, जबकि वहां न तो गोवंश मौजूद हैं, न ही बुनियादी सुविधाएं।स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी शिकायत क्षेत्रीय विधायक से भी की है।जनता का सवाल है कि जब जमीनी स्तर पर गायें भूखी मर रही हैं, और सड़को मे घूम रही है और जिनके कारण आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है